आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 12.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- देहरादून में कल हुए हत्याकांड के दोनों आरोपियों को पुलिस ने अलग–अलग स्थानों पर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया।
- प्रदेश में ”जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार” अभियान लगातार जारी। विशेष शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।
- राजधानी देहरादून के सहस्रधारा रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड को आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा।
- अल्मोड़ा में कल से तीन दिवसीय 21वां विज्ञान संग्रहालय प्रमुखों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा ळें

हत्याकांड

देहरादून में कल तिब्बती मार्केट के पास एक व्यक्ति की हत्या में शामिल आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अलग–अलग स्थानों पर मुठभेड़ के दौरान हत्याकांड के शूटर और उसके सहयोगी के पैर पर गोली लगी है। उनके पास से दो देशी तमंचे और एक स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि देहरादून में सभी थाना क्षेत्र में बदमाशों की धरपकड़ के लिए शहर से देहात तक नाकेबंदी और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। आज तड़के अलग–अलग थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जन–जन की सरकार

प्रदेश में आमजन तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को सीधे पहुँचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ”जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार” अभियान लगातार जारी है। इसके तहत प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे विशेष शिविरों में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। ”जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार” अभियान के तहत प्रदेश में अब तक 614 शिविरों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इनके माध्यम से अब तक 4 लाख 80 हजार से अधिक नागरिक ने सीधे तौर पर लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ”जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार” अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही का सशक्त उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक शिविर में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

धामी सरकार द्वारा शुरू किया गया यह अभिनव अभियान प्रदेश में सरल, सुलभ और संवेदनशील प्रशासन की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल राज्य में जनविश्वास को सुदृढ़ करने के साथ ही सुशासन के मॉडल को और अधिक प्रभावी बना रही है।

कुंभ मेला

हरिद्वार में अगले साल होने वाले कुंभ मेले को देखते हुए कुम्भ क्षेत्र में डिजिटल व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने के लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित किया जा रहा है। इसके तहत यातायात व भीड़ प्रबंधन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की मदद ली जाएगी। मेला अधिकारी सोनिका ने बताया कि मेला कंट्रोल भवन में कंट्रोल रूम बना हुआ है, जिसको अपग्रेड करने और इंटीग्रेटिड कमांड कंट्रोल सेंटल बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उन्होंने कि कुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालु बेहतर अनुभव लेकर लौटें, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

जागरूकता शिविर

जिला बाल संरक्षण इकाई और जिला प्रोबेशन कार्यालय, महिला कल्याण विभाग द्वारा आश्रय गृह सरफिना ट्रस्ट, देहरादून में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विभिन्न बस्तियों में रहने वाली महिलाओं को सामाजिक और कानूनी विषयों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति, स्पॉन्सरशिप योजना, अनाथ प्रमाण पत्र और चाइल्ड हेल्पलाइन जैसे विषयों की जानकारी दी गई। बच्चों को पॉक्सो एक्ट से संबंधित शैक्षिक वीडियो भी दिखाए गए। कार्यक्रम में लगभग 300 महिलाओं ने भाग लिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के प्रति जागरूकता के लिए इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

पार्क विकास

राजधानी देहरादून के सहस्रधारा रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड को आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इस संबंध में सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के समक्ष पार्क के लेआउट का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव ने मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरणको निर्देश दिए कि ट्रेंचिंग ग्राउंड को सिटी फॉरेस्ट पार्क की तर्ज पर विकसित किया जाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त नमामि बंसल को ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरे का निस्तारण शीघ्र करने के निर्देश दिए, ताकि पार्क निर्माण का कार्य आगे बढ़ सके। मुख्य सचिव ने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को देखते हुए आधुनिक पार्कों की आवश्यकता है। प्रस्तावित पार्क में ओपन जिम, जॉगिंग ट्रैक, साइकिल ट्रैक, मल्टीपरपज हॉल, वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट, कैफेटेरिया, ओपन थिएटर और योग तथा मेडिटेशन की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण में सीमेंट और कंक्रीट का कम से कम उपयोग हो तथा भूजल रिचार्ज के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए। उन्होंने पार्क के लेआउट को शीघ्र अंतिम रूप देकर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी दिए।

राष्ट्रीय सम्मेलन

अल्मोड़ा स्थित मानसखण्ड विज्ञान केंद्र में कल से तीन दिवसीय 21वां विज्ञान संग्रहालय प्रमुखों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता के तत्वावधान में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद– यू–कॉस्ट द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में मानस खंड विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रभारी निदेशक डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने मानस खंड विज्ञान केंद्र अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में देशभर के 42 विज्ञान केंद्रों 50 विज्ञान संग्रहालयों के निदेशक, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रदर्शन और विज्ञान संचार के नवाचार मॉडल पर चर्चा होगी।

कार्ययोजना

चम्पावत ज़िले में पूर्णागिरि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने टैक्सी यूनियनों, वाहन स्वामियों और चालकों के साथ बैठक कर यातायात की कार्ययोजना तैयार की है। ज़िला मुख्यालय में आयोजित बैठक में रूट निर्धारण, पार्किंग व्यवस्था, ओवरलोडिंग रोकने और अनुशासित ड्राइविंग पर विशेष जोर दिया गया। सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया गया है। टैक्सी यूनियनों को तीन दिन के भीतर सत्यापित चालकों और वाहनों की सूची विभाग में जमा करनी होगी। चालकों को तय रूटों का पालन करने और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में ओवरलोडिंग पर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों में डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है और सड़क पर कूड़ा या प्लास्टिक फेंकने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जिलाधिकारी बैठक

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जिला सभागार में आयोजित बैठक में धराली आपदा प्रभावितों से संबंधित रोजगारपरक योजनाओं के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे योजना, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना और ट्रैकिंग ट्रैक्शन सेंटर योजना के तहत 45 आवेदनों की समीक्षा कर स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने होमस्टे योजना के तहत प्रस्तावित परियोजनाओं में इको–सेंसिटिव जोन और पारंपरिक शैली को प्राथमिकता देने के अधिकारियों को निर्देश दिए।